# CCE PR

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್, 2017

**S. S. L. C. EXAMINATION, JUNE, 2017**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

## MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 22. 06. 2017 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 22. 06. 2017 ] **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** <br> **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** | |
| I. 1. | गीतांजलि की रचना के लिए कवि रवींद्रनाथ ठाकुर को नोबेल पुरस्कार मिला । | 1 |
| 2. | गिल्लू गर्मी से बचने के लिए सुराही पर लेट जाता था । | 1 |
| 3. | लेखक की सभी वस्तुएँ चोरी हो गयी थीं । | 1 |
| 4. | विश्वव्यापी कंप्यूटरों का अंतर्जाल है । | 1 |
| 5. | खनिजों की अपार संपदा भरी हुई है । | 1 |
| 6. | आधुनिक पुरुष ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय पायी है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं । | 1 |
| 8. | भगवान की दया से सबके मनोरथ पूर्ण होते हैं । | 1 |
| 9. | राम नाम को जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है । | 1 |
| II. 10. | अ) - vi) अंधेरी गुफा जैसी | 1 |
| | आ) - v) पर्यावरण प्रेम | 1 |
| | इ) - vii) दया | 1 |
| | ई) - viii) यशोदा | 1 |
| | उ) - i) मातृभूमि । | 1 |
| III. 11. | गोलगुंबज | 1 |
| 12. | घोडगेरी | 1 |
| 13. | हरे-भरे | 1 |
| 14. | मुख के समान | 1 |
| 15. | अभिनव मनुष्य । | 1 |
| IV. 16. | शांतिनिकेतन की स्थापना का उद्देश्य औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ युवक-युवतियों की प्रतिभा तथा कौशल की अभिव्यक्ति के लिए आवश्यक मंच का निर्माण करना था । | 2 |
| 17. | सोशल नेटवर्किंग ने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर लाकर खड़ा कर दिया है । इसके कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला का प्रभाव हमारे समाज पर पड़ रहा है । | 2 |
| 18. | गिल्लू कभी फूलदान के फूलों में, कभी परदे की चुन्नट में और कभी सोनजुही की पत्तियों म छिपकर लेखिका को चौंकाता था । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 19. | बांध और जलाशयों से हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई की जा सकती है । जलाशयों की सहायता से ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाता है । | 2 |
| 20. | साहनी जी के विचार में – अपने से अलग साहित्य नाम की कोई चीज़ भी नहीं होती जैसे मैं हूँ रचनाएँ भी रच पाऊँगा । मेरे संस्कार, अनुभव, मेरा व्यक्तित्व, मेरी दृष्टि मिलकर रचना की सृष्टि करते हैं । | 2 |
| 21. | चप्पलें एक जगह नहीं उतारना चाहिए । एक चप्पल एक जगह तो दूसरी चप्पल दस फीट दूर । तब चप्पलें चोरी नहीं होतीं । | 2 |
| 22. | हिन्दी हमारो राष्ट्रभाषा है । राष्ट्र में एकता लाने के लिए हिन्दी भाषा अत्यंत उपयोगी है । आजकल यह संपर्क भाषा के रूप में प्रचलित है । | 2 |
| 23. | भारत माँ के एक हाथ में न्याय का पताका है । दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है । इस प्रकार भारत माँ का स्वरूप सुशोभित है । | 2 |
| 24. | यशोदा ने उसे जन्म नहीं दिया है बल्कि उसे मोल लिया है । बलराम बार-बार उसे 'काला' कहकर चिढ़ाता है । उसकी ऐसी मज़ाक पर ग्वाल मित्र चुटकी बजा-बजाकर हँसते हैं । | 2 |
| 25. | करोड़पति के बचाने पर भिखारी को लगा कि, जिस सेठ ने भीख माँगने पर भी कुछ नहीं दिया, वही सौ रुपये देने को तैयार हुआ । जिसने भवगवान को भी पत्थर कहा था, वह अब इनसान में भी भगवान को देख रहा है । | 2 |
| 26. | साहनी जी बचपन में अक्सर बीमार रहते थे । स्वस्थ, हँसते-खेलते लड़कों की तुलना में अपने को छोटा और असमर्थ मानते थे । | 2 |
| 27. | यशोदा कृष्ण से यह कहकर सांत्वना देती है कि, "बलराम जन्म से ही चुगलखोर है । मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो ।" | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 28. | शनि ग्रह सूर्य से अत्यंत दूर है । इसलिए बहुत कम सूर्य ताप शनि ग्रह पर पड़ता है । इसलिए शनि का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटिग्रेड के आस-पास रहता है । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | व्यक्तित्व कुंठित होता है । उन पर लोगों का विश्वास उठ जाता है । उनकी उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं । | |
| 29. | 'समय' ही जीवन है । हमारा जीवन इसी समय से बना है । हमें सही समय पर काम कर जीवन का सार्थक बनाना है । क्योंकि खोया हुआ समय बार-बार नहीं आता । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | ऐसा सच बोलो जो औरों को अच्छा लगे । दूसरों को अप्रिय लगे ऐसा सच मत बोलो । | |
| V. 30. | एक अनपढ़ महिला होकर भी तिम्मक्का पर्यावरण की रक्षा करती है । अपने वैयक्तिक दु:ख और कमियों के बावजूद वह सार्थक कार्य करती है । पुरस्कार के रूप में प्राप्त धनराशि का उपयोग दीन-दलितों की सेवा में समर्पित करती है । गरीबों की नि:शुल्क चिकित्सा के लिए अस्पताल निर्माण का संकल्प करती है । इस प्रकार उनका कार्य और व्यक्तित्व अनुकरणीय है । | 3 |
| 31. | भिखारी परोपकारी एवं दयालु है । वह स्वयं भूखा रहकर रोते हुए बच्चे की सहायता करता है । ऐसी दशा म भी वह बूढ़े को सड़क दुर्घटना से बचाता है । जब-जब उसे पैसे मिलते हैं, वह ईश्वर के प्रति कृतज्ञ बनता है । | 3 |
| 32. | प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना नहीं है । मानव-मानव के बीच स्नेह का बांध बांधना ही मानव की सिद्धि है । जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 33. | महाकवि रवींद्रनाथ ठाकुर जन्मजात साहित्यकार एवं कवि थे । इन्होंने विपुल साहित्य की रचना की है । निबंध, नाटक, कविताएँ, कहानियाँ तथा उपन्यास उन्होंने लिखे और इनके साथ राजनीति, शिक्षा, कला, धर्म आदि विषयों पर भी बहुत स मौलिक लेख लिखे । इनकी 'गीतांजलि' रचना के लिए सन् 1913 में 'नोबेल' पुरस्कार मिला । इस प्रकार उन्होंने बंगला और अंग्रेजी साहित्य को अत्यधिक समृद्ध बनाया । | 3 |
| 34. | प्रस्तुत दोहे को हिन्दो साहित्य में भक्तिकाल के राम भक्त कवियों में श्रेष्ठ तुलसीदास जी ने लिखा है । वे कहते हैं, मनुष्य पर जब विपत्ति पड़ती है तब विद्या, विनय, विवेक ही उसका साथ निभाते हैं । जो राम पर भरोसा करता है, वह साहसी, सत्यव्रती और सुकृतवान बनता है । | 3 |
| VI. 35. | बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का था । वह परिश्रम करके जीना चाहता था । इसलिए उसने पं० राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार किया । भुना लाते समय सड़क दुर्घटना में घायल हुआ । होश आने के बाद अपने भाई प्रताप के हाथों राजकिशोर के पैसे लौटाया । इस प्रकार हम कह सकते हैं कि बसंत एक ईमानदार लड़का था । | 4 |
| | **अथवा** | |
| | पं० राजकिशोर मजदूरों के नेता हैं । वे गरीबों के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं । बसंत की दशा देखकर, सहायता करने की दृष्टि से उससे सामान खरीदते हैं । प्रताप से बसंत की मोटर दुर्घटना के बारे में जानकर दुःखी होते हैं । तुरंत उसकी सहायता करने डाक्टर को ले जाते हैं । उसे सांत्वना देकर उसकी इलाज करवाते हैं । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 36. | ''प्रसार तेरी दया का कितना<br>देखना हो तो देखे सागर<br>तेरी प्रशंसा का राग प्यारे,<br>तरंगमालाएँ गा रही हैं !''<br>**अथवा**<br>''राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।<br>तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।'' | 4 |
| | **खण्ड - ख**<br>**( व्याकरण )** | |
| VII. 37. | B) रात | 1 |
| 38. | D) युवती | 1 |
| 39. | C) चलाना | 1 |
| 40. | A) परिश्रम करना | 1 |
| 41. | C) की | 1 |
| 42. | A) द्वन्द्व | 1 |
| 43. | B) प्रश्नवाचक | 1 |
| 44. | D) दीर्घ | 1 |
| 45. | B) चिड़िया | 1 |
| 46. | C) नारी । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ग** | |
| | **( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )** | |
| VIII. 47. | i) गांधीजी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे । | 1 |
| | ii) बचपन में गांधीजी ज़िद करते थे, झूठ बोलते थे और गलतियाँ भी करत थे । | 1 |
| | iii) अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है । | 1 |
| | iv) 'राजा सत्य हरिश्चंद्र' के नाटक से प्रभावित हुए । | 1 |
| | v) सत्य को भगवान मानते थे । | 1 |
| IX. 48. | ದೇವರಿಂದ ಅವನಿಗೆ ಯಾವುದೇ ಪ್ರತಿಕ್ರಿಯೆಯು ಸಿಗಲಿಲ್ಲ.<br>He did not get any reaction from God. | 1 |
| 49. | ಇಂದಿನ ಯುಗವು ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಯುಗವಾಗಿದೆ.<br>Today's age is internet's age. | 1 |
| 50. | ಕರ್ನಾಟಕದ ಪ್ರಕೃತಿ ಸೌಂದರ್ಯವು ನಯನ ಮನೋಹರವಾಗಿದೆ.<br>The scenic beauty of Karnataka is very attractive. | 1 |
| 51. | ನಾನು ನಿಮಗೆ ಅತ್ಯಂತ ಆಭಾರಿಯಾಗಿದ್ದೇನೆ.<br>I am very grateful to you. | 1 |
| 52. | ನಮ್ಮ ಹಳ್ಳಿಯು ಘಟಪ್ರಭಾನದಿಯ ದಡದ ಮೇಲಿದೆ.<br>Our village is on the bank of river Ghataprabha. | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| X. 53. | पारिवारिक पत्र | | |
| | * प्रेषक का पता और दिनांक | 1 | |
| | * संबोधन एवं अभिवादन | 1 | 5 |
| | * पत्र का कलेवर | 2 | |
| | * समाप्ति | 1 | |
| | **अथवा** | | |
| | व्यावहारिक पत्र : | | |
| | * दिनांक और प्रेषक का पता | 1 | |
| | * पत्र पानेवाले का पता | $\frac{1}{2}$ | |
| | * संबोधन एवं विषय | 1 | |
| | * पत्र का कलेवर | 2 | |
| | * समाप्ति | $\frac{1}{2}$ | |
| XI. 54. | निबंध : | | |
| | * प्रस्तावना | 1 | |
| | * विषय विस्तार | 2 | 5 |
| | * उपसंहार | 1 | |
| | * भाषा का प्रयोग । | 1 | |